आपका एसबीआई

भारतीय स्टेट बैंक 200 वर्षों से अधिक की गौरवशाली परंपरा वाला एक भारतीय बहुराष्ट्रीय, सार्वजनिक क्षेत्र का बैंकिंग और वित्तीय सेवा संगठन है, जिसका गठन भारत के संविधान के तहत किया गया है। जन जन का हित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य कारोबार का अभिन्न अंग रहा है। बैंक के पास विशिष्ट उत्पादों और सेवाओं का एक मजबूत पोर्टफोलियो है, और वह उन्हें व्यक्तिगत और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ वितरित और प्रबंध करने के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।

भारतीय स्टेट बैंक का मुख्यालय मुंबई में है, जहाँ बैंक की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं को रूपाकार मिलता है। इसकी परिकल्पना व्यक्तिगत ग्राहकों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, बड़े कॉरपोरेटों, सार्वजनिक निकायों और संस्थागत ग्राहकों सभी को ध्यान में रखकर की जाती है। इन्हें ये सेवाएं देने का काम करती हैं बैंक की देश-विदेश में फैली हजारों शाखाएं, ग्राहक सेवा केंद्र, संयुक्त उद्यम और सहायक तथा सहयोगी कंपनियाँ। बैंक परिवर्तनों को अंगीकार करने में सबसे आगे रहा है। इस प्रक्रिया में सेवा, पारदर्शिता, सदाचार, शिष्टता तथा निरंतरता के उसके मूल्यों ने सदैव इसका पथ प्रशस्त किया है।

लक्ष्य

अग्रसर भारत का सर्वप्रिय बैंक बनना।

ध्येय

सरल, उत्तरदायी और अभिनव वित्तीय समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध।

मूल्य

- सेवा
- पारदर्शिता
- सदाचार
- शिष्टता
- निरंतरता

हमारी सेवाएँ

वैयक्तिक बैंकिंग

एसबीआई विभिन्न प्रकार के ऋण उत्पादों, वेतन पैकेजों, डिजिटल ऋणों, एनआरआई व्यवसाय और वेल्थ मैनेजमेंट सेवाओं के माध्यम से परिपूर्ण वैयक्तिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है।

36 लाख
एसबीआई होम लोन ग्राहक

एसएमई बैंकिंग

एसबीआई एसएमई वित्तपोषण में बाजार का नेतृत्व करता है। हम उच्च गुणवत्ता वाली ग्राहक सेवाएं सुनिश्चित करते हुए अपने एसएमई ग्राहकों को सरल और अभिनव वित्तीय समाधान प्रदान करते हैं।

₹2,67,614 करोड़
कुल एसएमई ऋण राशि

अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग समूह

एसबीआई भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग का अग्रणी है। आईबीजी व्यवसाय समूह विभिन्न क्षेत्रों में अपने विशेष संप्रभागों के माध्यम से उद्योग परिदृश्य को बदलने में निरंतर योगदान देता है।

233 कार्यालय
सभी समय क्षेत्रों में उपस्थिति

ग्रामीण बैंकिंग

एसबीआई वित्तीय समावेशन सूक्ष्म ऋणों, कृषि व्यवसाय के उत्पादों के माध्यम से भारत के ग्रामीण नागरिकों की आवश्यकता को पूरा करता है।

1.42 करोड़
एसबीआई के कृषक ग्राहक

सरकारी बैंकिंग

एसबीआई सरकारी व्यवसाय में बाजार में सबसे आगे है। यह भारत सरकार द्वारा की गई ई-गवर्नेंस पहलों में महत्वपूर्ण योगदान देता है और केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के लिए ई-समाधान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

₹52,62,643 करोड़
कुल सरकारी व्यवसाय की राशि

कॉरपोरेट बैंकिंग

भारतीय स्टेट बैंक में, कॉरपोरेट खाता समूह की प्रत्येक शाखा में सभी सेवाएं उपलब्ध हैं, जो विशेष रूप से देश के प्रमुख शीर्ष कॉरपोरेटों और नवरत्न पीएसयू को विभिन्न प्रकार के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है।

₹8,44,215 करोड़
कुल कॉरपोरेट ऋण की राशि

निवेश

हमारी अनुषंगी एसबीआई कार्ड ने 2020 में अपना आईपीओ निर्गम जारी किया था। कंपनी भारत की दूसरी सबसे बड़ी क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता है जिसे उद्योग की अच्छी समझ है तथा विकास और लाभप्रदता का चिरपरीक्षित अनुभव है।

27.40%
एसबीआई कार्ड द्वारा इक्विटी पर प्रतिलाभ